# परीक्षा संबंधी सूचना

**दिनांक : 17.02.2022**

महाविद्यालय में अध्ययनरत बी0.ए0 प्रथम / बी0एस–सी0 प्रथम / बी0कॉम0 प्रथम सेमेस्टर के समस्त छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि NEP के अन्तर्गत प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की आरम्भिक तिथि दिनांक : 17.02.2022 है। परीक्षा फार्म से संबंधित जानकारी हेतु दिनांक : 19.02.2022 अपराह्न 12:00 बजे एक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रथम सेमेस्टर के समस्त छात्र / छात्राओं की सहभागिता अनिवार्य है। समस्त अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को यह भी अवगत कराना है कि 15 वर्ष से अधिक आयु वाले समस्त छात्र / छात्राएँ अपना वैक्सीनेशन कराकर सर्टीफिकेट महाविद्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें। यह कार्य शासन की प्राथमिकताओं में है।

17.02.2022

**प्राचार्य**

प्राचार्य
राजकीय मॉडल महाविद्यालय
कपूरी गोविंदपुर, सहारनपुर (उ.प्र.)

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
**Chaudhary Charan Singh University, Meerut**

पत्रांक : परीक्षा/5780
दिनांक : 14.02.2022

## विज्ञप्ति

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय परिसर में अध्ययनरत छात्रों को एतदद्वारा सूचित किया जाता कि NEP-2020 के अन्तर्गत संस्थागत स्तर पर संचालित परम्परागत B.A./ B.Sc./B.Com. पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म दिनांक 17.02.2022 से विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** एवं **www.ccsuweb.in** पर ऑनलाईन भरवाए जाने प्रस्तावित हैं :-

| | | |
|---|---|---|
| 01. | छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म वेबसाईट पर उपलब्ध होने की तिथि | **17.02.2022** |
| 02. | छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑन-लाईन भरने की अन्तिम तिथि तथा ऑन-लाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि | **03.03.2022** |
| 03. | समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों सहित परिपूर्ण परीक्षा फार्म महाविद्यालय/संस्थान में जमा कराये जाने की अन्तिम तिथि | **05.03.2022** |
| 04. | महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा सत्यापित करने के पश्चात परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि | **07.03.2022** |

नोट :- 1. **समस्त अर्ह छात्र/छात्रायें परीक्षा फार्म भरे जाने से पूर्व विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध उपलब्ध समस्त सम्बन्धित नियमों/प्रवेश नियमावली/विषय कोड पुस्तिका का भली-भाँति अध्ययन करने के पश्चात् ही परीक्षा फार्म भरा जाना सुनिश्चित करें।**

2. **ऐसे छात्र/छात्रा जिनका प्रव्रजन प्रमाण पत्र (Migration Certificate) अभी तक जमा नहीं है, को अपना मूल प्रव्रजन प्रमाण-पत्र (Migration Certificate) (यू0पी0 बोर्ड को छोड़कर) परीक्षा फार्म के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न किया जाना आवश्यक है। अन्यथा परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी।**

**प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से अनुरोध है कि परीक्षा फार्म के साथ संलग्न नामांकन प्रपत्र के साथ मूल प्रव्रजन प्रमाण-पत्र (Migration Certificate) (यू0पी0 बोर्ड को छोड़कर) अनिवार्य रूप से संलग्न करते हुये अलग से सूची परीक्षा विभाग को उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित करें एवं प्रव्रजन प्रमाण-पत्र (Migration Certificate) संलग्न करने वाले छात्र/छात्राओं को निर्धारित प्रारूप पर प्राप्ति प्रपत्र भी देना सुनिश्चित करें।**

4. **NEP-2020 के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्मों हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश संलग्न हैं। इनको भली भाँति पढ़ने के पश्चात ही परीक्षा फार्म भरा जाना सुनिश्चित करें।**

14/02
**सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-**

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्व महाविद्यालय/संस्थान, चौ0 चरण सिंह वि0वि0, मेरठ तथा समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, चौ0 चरण सिंह वि0वि0 परिसर, मेरठ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण से पूर्व अर्हता की भली-भांति जांच कर ली जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है। अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय/संस्थान/विभाग का होगा।
02. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
03. वैयक्तिक सहायक-प्रति कुलपति को, माननीय प्रति कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक-कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
05. वैयक्तिक सहायक-परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
06. वैयक्तिक सहायक-वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
07. लेखाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।
08. सहा0 कुलसचिव/प्रभारी (परीक्षा/गोपनीय/लेखा/सामान्य/कमैटी सैल/अति गोपनीय विभाग)।
09. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र/सूचना पट।
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
11. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत कम्पनी, को इस आशय के साथ कि उपरोक्त NEP-2020 के अन्तर्गत संचालित समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्मों को विश्वविद्यालय नियमानुसार भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उक्त के अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित करें कि यह विज्ञप्ति छात्र/छात्रा को परीक्षा फार्म भरने के साथ ही उपलब्ध हों।

**सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)**